9ನೇ ತರಗತಿ ಮೊದಲನೇ ಸಂಕಲನಾತ್ಮಕ ಮೌಲ್ಯಮಾಪನ (ಪರೀಕ್ಷೆ)			201

ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿ ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ :

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 90 ವಿಷಯ : **हिंदी** ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ :

ಅವಧಿ : 2 ಗಂ. 45 ನಿ. ಒಟ್ಟು ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 04

खण्ड "क"

[गद्य, पद्य और पूरक वाचन]

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए । 8x1=8

1. 'जय-जय भारत माता' कविता के कवि कौन हैं?
2. माँ के जैसे प्यारी कौन थी?
3. जीव जगत के मित्र कौन-कौन हैं?
4. बकासुर कहाँ रहता था?
5. पचास पैसे में नारियल कहाँ मिलने वाले थे?
6. शहर में क्यों आतंक छा गया?
7. विवेकानंद अमेरीका कब गये?
8. हेलमेट के बिना कौन चलते हैं?

II. 9. स्तम्भ 'क' के वाक्यांशों के साथ स्तम्भ 'ख' के सही वाक्यांशों को जोडकर लिखिए । 4x1=4

स्तम्भ 'क'	स्तम्भ 'ख'
1. भाई खूनसे	अ. चेरापूँजी में।
2. मेघालय	आ. कुंती ।
3. बक	इ. लथपथ पडा था ।
4. माली	ई. कम वर्षा होती है ।
	उ. पच्चीस पैसे ।
	ऊ. राक्षस ।
	ऋ. एक रुपये ।

III. प्रथमदोशब्दोंकेसूचितसंबंधोंकेअनुरूपतीसरेशब्दकासंबंधितशब्दलिखिए । 4x1=4

10. गुलाब सिंह : कहानी :: स्वामी विवेकानंद : _____ ।
11. लाल रंग : _____ :: हरारंग : चलना ।
12. डा. जगदीश चंद्र : स्वामी विवेकानंद :: भीष्म साहनी : _____ ।
13. मैथलीशरण गुप्त : 1886, चिरगाँव :: डा. परशुराम शुक्ला : _____ ।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए । 13x2=26

14. 'दिल में आग दबाकर' का मतलब क्या है?

कोशिश एक आशा समूह (Nabi sir)

15. भाई को बहन कैसे विदा करती है?
16. विवेकानंद के माता-पिता का नाम क्या था?
17. दुर्घटना से बचने के कोई दो उपाय लिखिए ।
18. बाबु भाई ने किन-किन-से मदद माँगी?
19. पर्यावरण का महत्व समझाइए ।
20. ब्राह्मण के घर में सब लोग क्यों रो रहे थे?
21. "माइती बाजार" के बारे में लिखिए ।
22. बकासुर क्या काम करता था? और उसके बदले में वह क्या लेता था?
23. मौसी बच्चों को कौन-कौन-सी कहानियाँ सुनाती थी?
24. चेरापूँजी की विशेषता क्या है?
25. विवेकानंद ने किन-किन देशों की यात्रा की?
26. कल्पना का जन्म कहाँ हुआ था? और कल्पना को प्यार से क्या कहा जाता था?

अथवा

कवि कहाँ गंगा बहाना चाहते हैं? और कवि किससे विनती कर रहे हैं?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों मे लिखिए । **4x3=12**

27. "भाई खून से लथपथ पडा था।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।
28. चौराहों पर दिए गए नियमों तथा संकेतों को विस्तार से बताइए ।
29. बाबू भाई ने नारियल को किन-किन-से खरीदना चाहा? संक्षिप्त में लिखिए ।
30. **भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए ।**

ध्वनि, मिट्टी, जलवायु आदि
जीव जगत के मित्र सभी ।
इनकी रक्षा करना,
अब कर्तव्य हमारा ।
शोर और मिट्टी का संकट,
दूर करेंगे सारा ।

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच या छः वाक्यों में लिखिए । **2x4=8**

31. मौसी और बच्चों के बीच में क्या बातचीत हुई?

अथवा

बच्चों ने मिलकर मौसी की सेवा किस प्रकार की?

32. पद्या भाग पूर्ण कीजिए ।

कोशिश एक आशा समूह (Nabi sir)

जय-जय भारत _____ रखता हमको _____

_____ अथवा _____

_____ _____

_____ दबाकर ॥ _____भारत माता ॥

खण्ड "ख"

[व्याकरण]

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं, जिन में एक मात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर लिखिए । 1x10=10

32. "एकैक" संधि का उदाहरण है ।

अ. गुण आ. दीर्घ इ. वृध्दि ई. यण ।

35. "नवरात्रि" समास है ।

अ. द्वंद्व आ. द्विगु इ. कर्मधारय ई. तत्पुरूष ।

36. "चलना" शब्द का द्वितीय प्रेरणार्थक क्रिया है ।

अ. चल आ. चलवाना इ. चलो ई. चलाना ।

37. "मौसी" शब्द का अन्य लिंग रूप है ।

अ. मौसे आ. मौसो इ. मौसा ई. चाचा ।

38. "बालक" शब्द का अन्य वचन रूप है ।

अ. बालक आ. बालकी इ. लडका ई. लडकी ।

39. "सुख" शब्द का विलोम रूप है ।

अ. खुशी आ. संतोष इ. आनंद ई. दुःख ।

40. "पानी" शब्द का पर्यायवाची शब्द है ।

अ. आग आ. समुद्र इ. जल ई. आकाश ।

41. जो कहानी लिखता है उन्हें कहते हैं ।

अ. कहानीकार आ. कवि इ. उपन्यासकार ई. नाटककार ।

42. तुम्हारा नाम क्या है**?** इस वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न है ।

अ. पूर्णविराम आ. अल्पविराम इ. प्रश्नवाचक ई. अर्धविराम ।

43. "पानी पिलाना" मुहावरे का अर्थ है ।

अ. अटल रहना आ. भाग जाना इ. सबक सिखाना ई. बुरा होना ।

खण्ड "ग"

[रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्र लेखन और निबंध]

कोशिश एक आशा समूह (Nabi sir)

VIII. निम्नलिखित गद्यांश ध्यान पूर्वक पढकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 4

मेघालय यानी बादलों का घर। मेघालय की राजधानी शिलंग है। एक हरा-भरा पर्वतीय नगर, जहाँ हर वक्त बादल उमडते घुमडते रहते हैं। शिलंग जितना बडा, स्वच्छ, सुंदर पर्वतीय नगर उत्तर भारत में कहीं नहीं है। शिलांग से चेरापूँजी की ओर जाता मार्ग दोनों ओर पहाडों और दरख्तों से पटा पडा है। शिलांग से चेरापूँजी को जानेवाला रास्ता ऊँचा-नीचा सर्पाकार है।

1. मेघालय को कौन-सा घर कहा जाता है?
2. मेघालय की राजधानी कौन-सी है?
3. शिलांग से चेरापूँजी की ओर जाता मार्ग कैसा पडा है?
4. शिलांग से चेरापूँजी को जानेवाला रास्ता कैसा है?

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए । 1x4=4

48. भगवान तुम्हारे बेटे की रक्षा करेगा ।
49. उसे सब मौसी कहकर पुकारते थे ।
50. बाबू भाई ने नारियल को पकड लिया ।
51. विवेकानंद को तैरना, सैकल चलाना बहुत पसंद था ।

X. 45. एक दिन की छुटी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक जी को एक पत्र लिखिए । 5

अथवा

अपनी पढ़ाई की प्रगति के बारे में अपने पिता जी के नाम पत्र लिखिए।

XI.46. किसी एक विषय पर 12–15 वाक्यों में उत्तर लिखिए । 5

1. आपका प्रिय खेल 2. पर्यावरण 3. कोई भी एक यात्रा स्थान का वर्णन ।

~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~@@@@@@@@~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~

कोशिश एक आशा समूह (Nabi sir)
~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~~